## संक्षिप्त

### 108 रैनकोट का वितरण

**भरतपुर** (निस)। जाट सूरज सेना के सौजन्य से 108 रैनकोट का वितरण नगर निगम आयुक्त श्रवण कुमार विश्नोई की मौजूदगी में ढकेल वाले, मजदूर, रेहडी वालों को बर्षात के मौसम को देखते हुए किया गया, क्योंकि बरसात में सबसे ज्यादा परेशानी इन्हीं लोगों को होती है। इस अवसर पर अरविन्द पाल सिंह, धीरेन्द्रपाल सिंह बिल्लू, हुकम सिंह जगदम्बा, तोताराम जाटोली, राजकुमार सोनू, पूर्व प्रतिपक्ष नेता कपिल फौजदार, रॉकी जाटव, सरदार सतपाल सिंह, आशीष आदि मौजूद रहे।

### विशेष पूजा-अर्चना

**भुसावर भरतपुर** (निस)। भुसावर के विभिन्न मंदिरों में चौथे सोमवार को लेकर विशेष पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ प्रातः से ही जुटना शुरू हो गई। जहां बम बम भोले के जयकारों के साथ भक्तों ने भोलेनाथ का पूजन कर मन्नतें मांगी तो दूसरी ओर गंगा का पवित्र जल लेकर पहुंचे कावडियों ने भगवान शिव का अभिषेक किया। सोमवार को कस्बा भुसावर के भक्तराज हनुमान मंदिर के महत मुकेश शर्मा के नेतृत्व में कावड़ लेकर आए कावड़ियों ने नगर परिक्रमा करने के बाद भक्तराज हनुमान मंदिर स्थित शिवालय पर कावड़ समर्पित की। जहां उनके स्वागत में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। वहीं दूसरी ओर कस्बा भुसावर के शिवालयों पर दिनभर भक्तों का हुजूम उमडता दिखाई दिया। जहां सभी ने भगवान की पूजा अर्चना कर विश्व शांति को लेकर कामनाएं की।

### मीना ने एसीबीईओ पदभार संभाला

**करौली,** (निंसं.) सीताराम जाट निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर के हस्ताक्षरों से जारी प्राचार्य एवं समक्ष पदो पर स्थानांतरण सूची में राउमावि नांगल प्यारी बास दौसा से सपोटरा अतिरिक्त मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी के पद पर लगाया,मीना ने सोमबार को सीबीईओ सपोटरा पहुंच कर पद भार संभाला,सीबीईओ कार्यालय सपोटरा में उन्हें विभिन्न शिक्षक संघ पदाधिकारियों,कार्मिकों ने उन्हें माला ,साफा, दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला अध्यक्ष करौली अशोक कुमार मीणा, रामावतार मीणा जिला साक्षरता अधिकारी करौली एवं गंगाराम प्रजापत,महीलाल मीना,दिनेश मीन, सोमराज प्रजापत,आदि उपस्थित रहे,उल्लेखनीय है कि लखन लाल मीना सपोटरा एवं मंडरायल के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं सीडीपीईओ सपोटरा रह चुके है विद्यालयों के पर्यवेक्षण कर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को संबलन मिलेगा, वहीं सपोटरा ब्लॉक को करौली जिले में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार कर उच्च पायदान पर पहुंचना प्राथमिकता रहेगी।

### बहन सम्मान दिवस आज

**करौली**, (निंसं.) महिला एवं बाल विकास के उपनिदेशक जगदीश मीणा ने बताया कि जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग करौली के द्वारा राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार बहनों का सुरक्षा-सम्मान पर्व अभियान के तहत आंगनबाडी बहन सम्मान दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम 5 अगस्त को प्रात: 11:00 बजे से सूचना केन्द्र करौली के टाउन हॉल में आयोजित किया जायेगा।

### शर्मा तीसरी बार अध्यक्ष बने

**भरतपुर** ( निस)। हितकारी सहकारी समिति लि. भरतपुर के चुनाव में डोरीलाल शर्मा भारी मतों से तीसरी बार अध्यक्ष चुने गये। चुनाव अधिकारी ओमप्रकाश शर्मा, से.नि. उप निदेशक शिक्षा विभाग ने बताया कि भरतपुर पेंशनर हितकारी सहकारी समिति लि. के 5 वर्षीय चुनाव में सर्वसम्मति से डोरीलाल शर्मा को अध्यक्ष बनाया गया तथा निरोत्तम लाल लवानियां को उपाध्यक्ष, मोहन सिंह पाराशर को सचिव, अमर सिंह नौहरवार को कोषाध्यक्ष, चन्द्रभान माहौर को संयुक्त सचिव चुना गया। अनुसूचित जन जाति के राम सिंह मीना व महिला वर्ग से आशा शर्मा को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। संचालक मण्डल में श्याम सुन्दर कटारा, रामेश्वर दयाल शर्मा, बल्देव सिंह कुंतल, सीताराम वर्मा को नियुक्त किया गया। चुनाव कार्यवाही शांतिपूर्वक सम्पन्न कराई गई। कार्यकारिणी के गठन के समय संगठनके वरिष्ठ पदाधिकारी दिनेश चंद शर्मा, घनश्याम शरण शर्मा, हरिचरन लाल शर्मा, महादेव प्रसाद भारद्वाज, उमाशंकर शर्मा, लक्ष्मी नारायण शर्मा, छिद्दीमल शर्मा एवं दुर्ग सिंह आदि उपस्थित थे।

# भरतपुर में बीसीसी कांवड दल का सम्मान

■ कांवड दल ने हरिद्वार से 400 किलोमीटर की कठिन साइकिल यात्रा पूरी कर रविवार को भरतपुर पहुंचकर सभी को गौरवान्वित किया

**भरतपुर** (निस) भरतपुर साइकिल क्लब (बीसीसी) के 41 सदस्यीय कांवड़ दल ने हरिद्वार से 400 किलोमीटर की कठिन साइकिल यात्रा पूरी कर रविवार को भरतपुर पहुंचकर सभी को गौरवान्वित किया। इस प्रेरणादायक यात्रा को केवल 18 घंटे में पूर्ण किया गया। दल के सदस्यों ने चार-चार की टीम में साइकिल चलाकर हरिद्वार से भरतपुर तक कांवड़ लेकर आए। बीसीसी सचिव जीवन जैन ने बताया कि भरतपुर पहुंचने के पश्चात दल ने डालमिया डेयरी स्थित शिव मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर तथा देवी मंदिर में जलाभिषेक कर शिव भक्ति में लीन हो गया। यात्रा के दौरान कांवड़ यात्रियों में जबरदस्त जोश और श्रद्धा देखने को मिली। कोषाध्यक्ष धीरज बंसल ने बताया कि बीसीसी सदस्यों ने पर्यावरण चेतना का परिचय देते हुए रास्ते में नमी वाले स्थलों पर करंज, नीम और पापड़ी के बीजों का छिड़काव किया, जो सराहनीय प्रयास रहा। रविवार शाम को एक निजी रिज़ॉर्ट में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कांवड़ यात्रियों को दुपट्टा, माला और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कांवड़ यात्रियों ने बीसीसी के युवा सदस्यों कपिल गोयल, कुणाल गोयल, तुषार सिंघल, अजय गर्ग एवं निशांत सिंघल के उत्कृष्ट सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें दुपट्टा पहनाकर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर 17 नए सदस्यों को बीसीसी परिवार की सदस्यता दिलाई गई एवं शपथ ठाहण समारोह भी आयोजित किया गया। संरक्षक नवीन पाराशर ने बताया कि समारोह में बीसीसी द्वारा जुलाई माह में चलाए गए चेलेंज जुलाई साइकिल चौलेंज का बम्पर ड्रॉ भी निकाला गया, जिसमें 5 सदस्यों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।

उन्होंने घोषणा की कि अगस्त माह में भी इस तरह का नया चौलेंज आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य सदस्यों और आम नागरिकों को साइकिलिंग के प्रति प्रेरित करना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है। कार्यक्रम में बीसीसी के सभी सदस्यों ने अपने परिवार सहित उत्साहपूर्वक भाग लिया और समारोह को यादगार बनाया।

## 1001 पौधों के वितरण का लिया संकल्प

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर में भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा के निर्देशानुसर शहर मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में तुलसी अमृत अभियान की शुरुआत किला स्थित बिहारी जी मंदिर से तुलसी जी का पौधा लगा एव तुलसी का पौधा भक्तों को भेंट कर किया गया।,महामन्त्री दुष्यन्त सिंह ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक नेक कदम हर घर तुलसी, हर घर हरियाली कार्यक्रम ,यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी की प्रेरणा से शुरू किया गया है जहा 1001 पौधे वितरण का संकल्प लिया गया। इस मौके पर महिला मोर्चा अध्यक्ष अनामिका चौधरी एससी मोर्चा अध्यक्ष भगवान सिंह,युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रशांत यादव, महामन्त्री जीतू गणेश नगर, उपाध्यक्ष शौर्य सिंह, पवन सिंह भाटी, मनीष पहलवान, अभिराज गुर्जर, हरीश पाठक, हर्षुल गोयल, तेजराम इन्दोलिया मौजूद रहे।

## संवेदना की व्यक्त

**भरतपुर** (निस)। तुहिया-टोंटपुर रोड पर पिछले दिनों सडक के बीच हुये गडढों की वजह से टैक्टर-ट्रॉली के पलट जाने से मोटर साइकिल सवार मां-बेटे की मृत्यु हो जाने पर पूर्व मंत्री, भरतपुर विधायक व राष्ट्रीय लोकदल के महासचिव डॉ. सुभाष गर्ग ने जयपुर से भरतपुर आकर मृतकों के आवास पर पहुंचे और मृतकों को श्रद्धाजंलि अर्पित कर संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने घटना की जानकारी ली और जिला कलक्टर से मृतक परिवार के आश्रित को आर्थिक सहायता दिलाने के लिये कहा। डॉ. गर्ग ने बरसात के कारण क्षेत्र में जगह-जगह गडढों को भरवाने के भी सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर निगम और भरतपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिये।

# भरतपुर में प्राथमिकता से पानी निकास का स्थाई समाधान होः सूपा

**भरतपुर** (निस)। पिछले दिनों से लगातार भरतपुर जिले में हो रही बारिश की वजह से पूरे जिले के लोगों को हो रही परेशानी एवं नुकसान के बारे में जिला कांठोस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सूपा सहित जिले के वरिष्ठ कांठोसियों ने गहरी चिंता व्यक्त की है।

जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने कहा कि भरतपुर जिले के लगभग सभी तहसील,उपखंडों में खेत जलमग्न हो जाने से किसानो की फसल बर्बाद हो रही है। सूपा ने कहा कि संभाग मुख्यालय भरतपुर जो कि मुख्यमंत्री जी का गृह जिला भी है, यहां बारिश का पानी जमा होने से पूरे शहर की स्थिति बेहद खराब है। मुख्य रूप से सर्कुलर रोड के बाहर बसी हुई लगभग सभी कॉलोनीयों में घरों के चारों तरफ मुख्य रास्तों पर पानी भरा हुआ है। लोगों का घरों से निकलना दुभर हो रहा है।गौरतलब है कि अभी हाल ही में एकता विहार और टोंटपुर के बीच में सड़क में गड्ढे होने की वजह से एक ट्राली पलटने के बाद उधर से गुजर रहे मां एवं बेटे की तत्काल मौत हो गई। इसके अलावा सेवर फोर्ट और मालीपुरा के बीच की सड़क बेहद जर्जर अवस्था होने से यहां भी रोजाना वाहन दुर्घटनाठास्त हो रहे हैं। हीरादास चौराहे से सेवर फोर्ट तक दोनों और बसी हुई कॉलोनीयों का पानी बीच मुख्य सड़क पर भरा हुआ है। जिससे हीरादास से सेवर की ओर आवागमन में बहुत दिक्कत हो रही है एवं दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बना हुआ है। जिलाध्यक्ष सूपा ने बताया भरतपुर शहर में मुख्यालय पर थोड़ी सी ही बारिश में पानी भरने से शहर की यह दुर्दशा हो गई है, क्योंकि भरतपुर में अभी तक पानी के स्थाई निकास की व्यवस्था नहीं हो पाई है। जो की शहर की कॉलोनीयों में पानी भरने का मुख्य कारण है। अन्य पदाधिकारियों ने भी जिला प्रशासन से प्राथमिकता के आधार पर शहर में ड्रेनेज प्रॉब्लम को दूर करते हुए स्थाई रूप से पानी के निकास की व्यवस्था करवाने की मांग की है। मांग करने वालों में मुख्य रूप से साहब सिंह एडवोकेट, चुन्नी कप्तान, भगवान कटारा, जगदीश बंजी, रामेश्वर सैनी, योगेश सिंघल, चंद्रकेश राजावत, दयाचंद पचौरी, निरंजन जघीना,झमोली बयाना, रेनू गौरावर, बबीता शर्मा,रविन्द्र प्रधान, भरत गादोली, रमेश पाठक, सौरभ सोलंकी, दीपेंद्र वुरावई, प्रेम प्रजापत,हरस्वरूप सरपंच,रमेश धावई, मुकेश जाटव, लोकपाल सिंह,अशोक तांबी, अशोक लवानिया, मुस्ताक अहमद, दिगम्बर खटाना, हरिमोहन शर्मा,शहीद खान, केके उपाध्याय, चंद्रभान फौजदार, जीवनलाल शर्मा सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## रंग बिरंगे फूलों से महकेगा मोक्षधाम

**भरतपुर** (निस)। हरित् बृज सोसायटी की मासिक बैठक नेहरू पार्क में सीमा सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। वरिष्ठ उपाध्याय विष्णु कुमार शर्मा ने बैठक में बताया कि अनाह गेट मोक्षधाम में छायादार पेड़ों के साथ साथ हजारों की संख्या में फूलों के पौधे भी लगाए जा रहे हैं जिससे मोक्षधाम में छाया के साथ फूलों की महक भी मिले। महासचिव सतेंद्र यादव ने बताया कि बैठक में सोसायटी के ओ पी माहेश्वरी व संतोष खंडेलवाल के सुपुत्रों के सी ए बनने और दीनदयाल की सुपुत्री द्वारा स्नातक परीक्षा में गोल्ड मेडल जीतने पर पौधा भेंट कर स्वागत किया। डॉ. अर्चना सिंह ने ट्रे गार्डन, शारदा गोयल ने टोपियारी बनाने,राजेश दीक्षित ने कैक्टस के रखरखाव, प्रभा सिंघल द्वारा बायो एंजाइम बनाने और उनके उपयोग के बारे में जानकारी दी।

विकास मित्तल द्वारा पौधों के लिए मिट्टी तैयार करने, प्लांटों को रिपोट करने के बारे सभी साथियों को बताया।इस अवसर पर सुषमा गोयल व शंकरलाल द्वारा अपने गार्डेनिंग के अनुभव बताए। मोक्षधाम में पौधारोपण में विशेष योगदान देने पर राजवीर सिंह का ज्ञानेश सोनी व महेंद्र सोनी द्वारा पटका पहना कर स्वागत किया गया।अरुण जैन व एस सी पीतलिया द्वारा अनाह मोक्षधाम में अब तक पूर्ण हो चुके कार्यो के बारे में अवगत करवाया. साथ ही सर्वसम्मति से एक पारिवारिक मिलन समारोह एवं गोठ किसी रमणीक स्थल पर आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया।

## भरतपुर में आचार्य बालकृष्ण के 53वें जन्मोत्सव पर जड़ी-बूटी दिवस मनाया

■ पर्यावरण शुद्धिकरण हेतु वैदिक हवन यज्ञ हीरासिंह आर्य के द्वारा करवाया गया

**भरतपुर** (निस)। भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि परिवार के मुख्य संयोजक एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य वीरीसिंह कुंतल के नेतृत्व में आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण के 53वें जन्मोत्सव जडी बूटी दिवस पर विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में सामूहिक योग शिविर एवं पर्यावरण शुद्धिकरण हेतु वैदिक हवन यज्ञ हीरासिंह आर्य के द्वारा करवाया गया एवं भरतपुर जिला की तहसील एवं प्रखण्ड स्तर पर कुल 551 पौधारोपण किया गया एवं 251 औषधीय पौधे जिनमें तुलसी, गिलोय, एलोवेरा, आंवला का वितरण किया गया तथा विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में 11 वेलपत्र, आंवला, नीम का वृक्षारोपण किया गया तथा पौधों के संरक्षण एवं सुरक्षा हेतु संकल्प करवाया गया।

मुख्य संयोजक कुंतल ने बताया कि आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण जो ऋषि परम्परा एवं सनातन ज्ञान विज्ञान योग, आयुर्वेद के प्रखर प्रचारक, आधुनिक युग के धन्वंतरि के अवतरण दिवस को जडी बूटी दिवस के रूप में मनाया। सम्पूर्ण जनमानस को प्राचीनतम विधा योग, आयुर्वेद, सनातन संस्कृति संस्कार में संस्कारित करने के लिए एवं निस्वार्थ भाव से विश्व कल्याण के हितार्थ सेवारत रहने वाले आचार्य बालकृष्ण की दीर्घायु के लिये तथा पर्यावरण शुद्धि के लिए राष्ट्र के नाम आहूति प्रदान की गई। कार्यक्रम उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में महिला राज्य कार्यकारिणी सदस्य राजेश चौधरी, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी गंगो सिंह, किसान प्रभारी ओमवीर सिंह, सह प्रभारी डॉ. सतीश पाराशर, उत्तम सिंह, जल सिंह, कोषाध्यक्ष भूप सिंह, शिवदत्त तेनगुरिया, चंदर सिंह, राजवीर सिंह, बवीता मनोचा, ज्योति चौधरी, मंजू मित्तल, प्रेम सिंह आर्य, अल्तेश कुंतल, राजवाला, अनीता गुप्ता, शीलादेवी, विवेक सिंह, मिथलेश, पुष्पेन्द्र सिंह, गोविन्द सिंह, माया सोनी, निर्मला चौधरी, भागीरथ शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रधान पद के लिए चुनाव कार्यक्रम जारी

**करौली,** (निंसं.) राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के रिक्त पदों पर उप चुनाव की घोषणा करते हुए पंचायत समिति मासलपुर एवं मंडरायल क्षेत्र के क्रमशः निर्वाचन क्षेत्र संख्याक 2 एवं 6 एवं पंचायत समिति मासलपुर की प्रधान के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है।

जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नियम 58 के अंतर्गत निर्वाचन की अधिसूचना जारी करने की तिथि 5 अगस्त मंगलवार निर्धारित की गई है। इस क्रम में नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 11 अगस्त सोमवार, प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक राजपत्रित अवकाश को छोडकर रहेगी।

नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के लिए 12 अगस्त मंगलवार एवं नाम वापसी की अंतिम तिथि 13 अगस्त बुधवार निश्चित की गई है। उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन 13 अगस्त को नाम वापसी के तुरंत बाद किया जायेगा। वहीं मतदान की तिथि 21 अगस्त गुरुवार, प्रात: 7:00 बजे से साय 5:00 बजे तक रहेगी। मतगणना की तिथि 22 अगस्त शुक्रवार, प्रात: 9:00 बजे से संबंधित पंचायत समिति मुख्यालय पर की जायेगी। प्रधान पद हेतु चुनाव कार्यक्रम के अनुसार मतदान तिथि 23 अगस्त शनिवार रहेगी।

वहीं चुनाव के लिए समय सारणी के अंतर्गत बैठक के लिए नोटिस 9:00 बजे से पूर्व जारी किये जायेंगे। बैठक पूर्वाह्न 10:00 बजे प्रारंभ की जायेगी और नाम निर्देशन पत्र अथवा प्रस्तावों के प्रस्तुतिकरण का समय प्रात 11:00 बजे तक रहेगा। वहीं नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा प्रात: 11:30 बजे तक की जायेगी। अभ्यर्थिता वापसी का समय दोपहर 1:00 बजे तक रहेगा। यदि आवश्यक हुआ तो अपरान्ह 3:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक किया जायेगा।

## मूक बधिर बच्चों का राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन

**करौली,** (निंसं.) निशब्द मूक बधिर विद्यालय के बच्चो ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया। संस्था के कार्यक्रम प्रभारी मनोज शर्मा ने बताया की ऑल इंडिया स्पोर्ट्स काउंसिल फॉर द डेफ के बैनर तले 26 वीं डेफ ओलंपिक एवं 9जी राष्ट्रीय डेफ जूनियर एंड सब जूनियर स्पोर्ट्स राष्ट्रीय प्रतियोगिता केरल राज्य के त्रिवेंद्रम में आयोजित हुई इसमें 21 राज्यो के प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त लगभग 1100 बच्चों ने भाग लिया जिसमे निःशब्द विद्यालय करौली के पांच बच्चो ने शारीरिक शिक्षक गोपाल चतुर्वेदी, कोमल चारण के साथ भाग लिया निःशब्द विद्यालय की बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूनम माली ने 800 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान लाकर सिल्वर मेडल ,रवीना ने लंबी कूद में द्वितीय स्थान लाकर सिल्वर मैडल एवं 100 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान लाकर ब्रोंज मेडल प्राप्त किया बालिकाओं के अच्छे प्रदर्शन पर करौली राज परिवार प्रमुख कृष्ण चन्द्र पाल एवं पूर्व विधायक रोहिणी कुमारी ने विद्यालय में पधारकर बालिकाओं को प्रमाण पत्र देते हुए बधाई देकर मनोबल बढ़ाया इस दौरान संस्था के समन्वयक सदस्य सचिव सत्येन चतुर्वेदी ने आभार जताते हुए।

## सार-समाचार

### भरतपुर में डिजिटल शिक्षण की निरंतरता

**भरतपुर** (निस)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डाइट भरतपुर में डिजिटल शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए डाइट भरतपुर में 04 से 08 अगस्त 2025 तक पांच दिवसीय ई कंटेंट निर्माण प्रशिक्षण को उप प्राचार्य डॉ उमेश शर्मा एवं ईटीप्रभारी प्रभा गुप्ता ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। उमेश शर्मा ने अपने उद्घाटन भाषण में समय के अनुसार बदलती शैक्षिक तकनीकों में ई कंटेंट के महत्त्व पर जोर दिया। ईटी प्रभागाध्यक्ष मुकेश अठावाल ने ऑनलाइन लैब एवं शिक्षक के गुणों में वृद्धि की आवश्यकता पर बल दिया। ईटी प्रभारी प्रभा गुप्ता ने सभी प्रशिक्षनार्थियों को ई कंटेंट के कक्षा कक्ष में अधिकाधिक उपयोग के निर्देश दिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के केआरपी सम्राट चौधरी एसआरजी सदस्य ने ई कंटेंट हेतु वर्चुअल स्किल लैब के बारे में सविस्तार बताया। साथ ही एनआरजी सदस्य पवन कुमार शर्मा ने ई जादुई पिटारा ,मुक्त शैक्षिक संसाधन एवं लाइसेंस के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### रुपेंद्र सिंह राजावत बने उपाध्यक्ष

**भरतपुर** (निस)। राष्ट्रीय क्षित्रय युवा एकता भारत के संस्थापक कृष्णा परमार सैंपऊ राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह परमार कार्यकारिणी राष्ट्रीय अध्यक्ष हरवीर सिंह राजपूताना एवं प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान प्रदीप सिंह चौहान की सहमति से कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान नीकेश सिंह जादौन के द्वारा दहगांवा बयाना के रुपेंद्र सिंह राजावत को राष्ट्रीय क्षित्रय युवा एकता भारत प्रदेश उपाध्यक्ष राजस्थान नियुक्त किया गया है रुपेंद्र सिंह राजावत ने राष्ट्रीय क्षित्रय युवा एकता भारत के प्रदेश उपाध्यक्ष राजस्थान नियुक्त होने पर संगठन संस्थापक कृष्णा परमार सैंपऊ एवं संगठन के समस्त कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए बताया की वर्तमान समय में राजपूत समाज का एकमात्र विकल्प राष्ट्रीय क्षित्रय युवा एकता भारत है और मुझे गर्व है कि मैं राष्ट्रीय क्षित्रय युवा एकता भारत के समस्त कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर राजपूत समाज हित में कार्य कर रहे हैं में अपने प्रदेश उपाध्यक्ष राजस्थान के कार्यकाल के दौरान सच्ची निष्ठा ईमानदारी के साथ संगठन को मजबूती प्रदान करूंगा रुपेंद्र सिंह राजावत के प्रदेश उपाध्यक्ष राजस्थान नियुक्त होने पर राष्ट्रीय क्षित्रय युवा एकता भारत के हजारों कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

### विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हलैना में सोमवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुतोष गुप्ता द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को कानूनी संबंधी, विधि का सही पालन, निःशुल्क विधिक सहायता, कानूनी प्रक्रिया, बाल विवाह अभिशाप एवं उसके दुष्परिणाम, पोक्सो अधिनियम, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना, 2024 योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों का हेल्पलाईन नं. 1098, नालसा के टोल-फ्री राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाईन नं. 15100 के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013, विधिक सहायता, नालसा थीम सॉन्ग, साइबर क्राइम, बाल श्रम, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, महिला सशक्तिकरण, बिना लाइसेन्स वाहन न चलाना, टैफिक नियम, राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के बारे में बताया एवं उनकी समस्याओं का निराकरण किया। शिविर का संचालन वरिष्ठ शिक्षक लोकेन्द्र सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भरतपुर द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य तुलसी राम शर्मा द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### समस्याओं का अवलोकन

**भरतपुर** (निस)। कृषि महाविद्यालय भुसावर की विशेषज्ञ टीम ने भुसावर क्षेत्र के गांव रन्धीरगढ में फलदार बगीचों की समस्याओं का अवलोकन किया। महाविद्यालय के डीन एवं उद्यान विज्ञ डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि आंवला में अफलन मुख्य समस्या है। उन्होंने बताया कि किसान आंवला में उचित मात्रा में खाद एवं उर्वरक नही देते तथा उचित पोषण के अभाव में फल गिर जाते हैं। उन्होंने कहा कि ऑवला के 8 वर्ष या अधिक आयु के पौधे में दिसम्बर-जनवरी माह में 80 किलोठााम गोबर की खाद, डेढ किलोठााम सिंगल सुपर फॉस्फेट, 400 ठााम पोटाश व 400 ठााम यूरिया प्रति पौधा पौधे के फैलाव के अनुसार थाला बनाकर देना चाहिए। आम व आंवला में तना छेदक कीट का प्रकोप भी पाया गया। उन्होंने इसके नियंत्रण के लिए तना छेदक कीट द्वारा बनाये गये छेद को साफ करके क्लोरोपाइरीफॉस 20 ईसी 2 मिली प्रति लीटर घोल को सिरिंज के द्वारा छेद मे भरें तथा छेद को रूई के फावे अथवा गीली मिट्टी से बन्द करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसानों के पास बगीचों के लिए उचित यंत्रो का भी अभाव है। गाईन के लिए छोटा ट्रेक्टर या गार्डन ट्रेक्टर, गार्डन के लिए विशेष रूप से बने रोटावेटर, बेसिन फॉर्मर, गन स्प्रेयर, कल्टीवेटर आदि की आवश्यकता होती है। टीम में डॉ. राहुल कुमार, डॉ. शंकर लाल यादव व कृषि पर्यवेक्षक हेमसिंह अम्बेश शामिल रहे।

### राम खिलाड़ी बने जिलाध्यक्ष

**करौली,** (निंसं.)राजस्थान आदिवासी मीना महासभा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष प्रो रामेश्वर मूंडरी ने पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी एवं पूर्व विकास अधिकारी राम खिलाड़ी आगिर्री को दूसरी बार करौली जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी राजकुमार नारौली ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष प्रो रामेश्वर मूंडरी ने दूसरी बार मनोनीत करौली जिलाध्यक्ष राम खिलाड़ी आगिर्री को 15 दिवस में ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला कार्यकारिणी घोषित करने के निर्देश दिए हैं।

### जांच शिविरों का होगा आयोजन

**करौली,** (निंसं.) भारत विकास परिषद् के स्वास्थ्य की पहल सेवा प्रकल्प के एनीमिया उन्मूलन अभियान के अन्तर्गत कल मंगलवार शक्ति दिवस 5 अगस्त को जिले के 11 शिक्षण संस्थानों में प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक एनीमिया जागरूकता एवं एनीमिया जांच शिविरों का आयोजन किया जाएगा। परिषद् के जिला समन्वयक राजेन्द्र दीवान ने बताया कि अभियान के प्रथम चरण में परिषद् की हिंडौन व करौली शाखाओं के तत्वावधान में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से 2000 छात्राओं के रक्त के नमूने लेकर एनीमिया की निःशुल्क जाँच की जाएगी तथा आवश्यक दवाईयां व आयरन सप्लीमेंट्स वितरित किए जाएंगे।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत होंगे भरतपुर जिले में विभिन्न कार्यक्रम

■ हर घर तिरंगा अभियान को जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं आमजन की सहभागिता से सफल क्रियान्वयन किया जाएगा।

**भरतपुर** (निस)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार स्वंतत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के तहत 2 से 15 अगस्त तक जिले में विभिन्न देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित कर आमजन की भागीदारी से तिरंगा यात्रा एवं हर घर तिरंगा फहराया जायेगा।

जिला कलक्टर कमर चौधरी ने बताया कि जिले में हर घर तिरंगा अभियान को जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं आमजन की सहभागिता से सफल क्रियान्वयन किया जाएगा। विभिन्न कार्यक्रम स्थानीय निकायों एवं पंचायतीराज संस्थाओं द्वारा तिरंगे ध्वज का वितरण किया जाकर आमजन को घरों पर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया जायेगा। जिला मुख्यालय एवं सभी ब्लॉक व ठााम पंचायत मुख्यालयों पर तिरंगा शपथ का आयोजन किया जायेगा।

प्रथम चरण में रंगोली प्रतियोगिता, तिरंगा रंग में सजावट जिला कलक्टर ने हर घर तिरंग अभियान के सफल आयोजन हेतु मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। राज्य सरकार के मंशानुरूप तीन चरणों में गतिविधियां आयोजित होंगी। उन्होंने बताया कि 2 से 8 अगस्त तक प्रथम चरण में समस्त राजकीय, निजी विद्यालयों की दीवारों और बोर्डों की तिरंगे से प्रेरित कलाकृतियों से सजावट करना। संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई प्रदर्शनियों वेबसाइट ़ौंतहींतजपतंदहं.बवउ के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध का चिन्हित स्थानों पर शैक्षिणक संस्थानों, सरकारी भवनों आदि में प्रदर्शन किया जायेगा। इसी प्रकार समस्त राजकीय-निजी विद्यालय, महाविद्यालय, सार्वजनिक स्थलों आदि पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन। सैनिकों और पुलिसकर्मियों तक राखी पहुँचाने हेतु अधीक्षक डाक विभाग के साथ समन्वय में तिरंगा राखी बनाने की कार्यशालाएँ और प्रतियोगिताएँ आयोजित करना। सार्वजनिक स्थानों, बाजारों में तिरंगे रंगो में पारंपरिक बुनाई प्रदर्शित करने के लिए तिरंगा बुनाई और धागों से जुड़ी गतिविधियां संचालित की जायेंगी। द्वितीय चरण में बाईक-साइकिल रैली, तिरंगा प्रकाश में बाजार की सजावट जिला कलक्टर ने बताया कि जिला, ब्लॉक व पंचायत स्तर पर तिरंगा बाईक रैली और तिरंगा साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार तिरंगा रैली एवं यात्राएँ आयोजित की जाएँ। हर घर तिरंगा यात्रा में आमजन की भागीदारी के लिए 12 अगस्त को सांय 5 बजे से साईकिल रैली द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर से बिजलीघर चौराहा, चौबुर्जा, गंगा मंदिर, लक्ष्मण मंदिर, कुम्हेर गेट से होते हुए हीरादास सर्किल से लोहागढ स्टेडियम स्थित शहीद स्थल तक किया जायेगा। यात्रा में साईकिल क्लब, एनसीसी, महाविद्यालय एवं विद्यालय स्तर के विद्यार्थी, एनएसएस, जनप्रतिनिधि, विभागों के अधिकारी, विभिन्न सामाजिक/नागरिक संगठन, स्वयंसेवी संस्थाएं, तिरंगा लेकर चलेंगे। आयुक्त नगर निगम श्रवण विश्नोई कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी रहेंगे। उपखण्ड क्षेत्र में आयोजित होने वाली रैली के लिए स्थान उपखण्ड अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि तिरंगा और उससे संबंधित वस्तुओं आदि की बिक्री को प्रोत्साहित करके स्थानीय बाजारों में तिरंगा प्रकाश और सजावट कार्य किया जायेगा। तृतीय चरण सोशल मीडिया पर तिरंगा सेल्फी करें अपलोड जिला कलक्टर ने बताया कि 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने के बाद प्रत्येक नागरिक तिरंगे के साथ सैल्फी लेकर ़ौंतहींतजपतंदहं.बवउ पर अपलोड कर सकेंगे। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डीपी के रूप में लगाएं इसके लिए प्रचार-प्रसार कर लोगों को प्रेरित किया जायेगा। उन्होंने सभी सरकारी विभागों, स्थानीय निकाय व बोर्डों के कार्मिकों को भी सैल्फी के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से हर घर तिरंगा अभियान में सक्रियता से भागीदारी निभाकर देशभक्ति के कार्यक्रमों को उत्साहपूर्वक मनाने के निर्देश दिये है। तिरंगा सेल्फी एवं तिरंगा कैनवास अभियान 15 को जिला कलक्टर ने बताया कि समस्त सरकारी भवनों, शैक्षिणक संस्थानों, होटलों आदि पर ध्वजारोहण गतिविधियां आयोजित की जायेंगी।

## जिले की तीसरी संस्था हुई एनक्वास सर्टिफाइड

**करौली,** (निंसं.) राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के अंतर्गत हिंडौन ब्लॉक की पीएचसी विजयपुरा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर पर सर्टिफाइड हुई है। जिले से एनक्वास में सर्टिफाइड होने वाली यह तीसरी चिकित्सा संस्था है। इससे पहले पीएचसी बालाजी और यूपीएचसी गणेश गेट सर्टिफाइड हो चुकी है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयंती लाल मीणा ने बताया कि पीएचसी ने राष्ट्रीय मूल्यांकन टीम द्वारा मूल्यांकन में 71.57 अंक प्राप्त कर यह उपलब्धि अर्जित की है। इसके लिए अस्पताल को 3 को लाख रुपए इंसेंटिव प्राप्त होगा, जिसका उपयोग चिकित्सा संस्था के विकास कार्यों में किया जाएगा।उन्होंने बताया कि प्रत्येक अस्पताल का स्वयं के स्तर, जिला स्तर, राज्य स्तर व राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन करवाया जाता है। जिसमें एनक्वास के अंतर्गत प्रदान सेवाओं का मूल्यांकन किया जाता है जिसमें पीएचसी विजयपुरा खरी उतरी है।डिप्टी सीएमएचओ एवं क्वालिटी एश्योरेंस नोडल डॉ. सतीश चंद मीना ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के अंतर्गत तीसरा चिकित्सा संस्थान प्रमाणित हुआ है जो कि जिला स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि है। इस उपलब्धि के लिए जिले की टीम धर्मजीत मीना और सोनप्रकाश,पीएचसी प्रभारी डॉ. मनीष मीणा और नर्सिंग स्टाफ सहित, बीसीएमओ हिंडौन डॉ,प्रवीण कुमार, डीपीओ आशुतोष पांडे, बीपीओ प्रभाकर जिंदल का विशेष योगदान रहा।

**आम सूचना**

मैं सूचित किया जाता है कि स्व. कमल सिंह मीना पत्नि श्रीमति कमलेशी नि. ग्राम व पो. कोंडर तह. व जि. करौली (राज.) 322241 का दिनांक 17 जून, 2024 को निधन हो गया। जिस मृतक के नाम एक कार DZIRE VXI आर जे 34 सीए 5390 है। और ग्रामीण आवासीय पट्टा है। जिसका पट्टा नम्बर 4048 खसरा नं.-02 ग्राम कोंडर हैं। उक्त सम्पत्ति पर उत्तराधिकार का दावा उनके कानूनी वारिस करेंगे। यदि सम्पत्ति पर किसी अन्य व्यक्ति/संस्था का कोई दावा आपत्ति या अधिकार हो तो यह सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के भीतर हमारे पते पर या सम्बधित राजस्व या परिवहन कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत करें। निर्धारित का हस्तांतरण/नामांतकरण विधि अनुसार कर दिया जाएगा।